भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †100

सोमवार, 3 फरवरी, 2025/14 माघ, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

धार्मिक स्थलों का पुनरुद्धार

†100. डॉ. निशिकान्त दुबेः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार हेतु कोई कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से धार्मिक पर्यटन में अनुमानित वृद्धि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय "तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान" (प्रशाद) योजना के तहत महत्वपूर्ण तीर्थस्थल और विरासत गंतव्यों पर पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। 27 राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में 1594.40 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत की कुल 47 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग): उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राम मंदिर के निर्माण के बाद अयोध्या में धार्मिक पर्यटन में काफी वृद्धि हुई है। अयोध्या के पर्यटन आंकड़ों के अनुसार, जिले में आगंतुकों की कुल संख्या वर्ष 2020 में 6,022,618 से बढ़कर वर्ष 2024 में 164,419,522 हो गई है।

*****

अनुबंध

डॉ. निशिकान्त दुबे द्वारा धार्मिक स्थलों का पुनरुद्धार के संबंध में दिनांक 03.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †100 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(करोड़ रु. में)

राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	**क्र. सं.**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**अनुमोदित लागत**
आंध्र प्रदेश	1.	अमरावती में तीर्थ सुविधाओं का विकास	2015-16	27.77
	2.	श्रीशैलम मंदिर का विकास	2017-18	43.08
	3.	सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास	2022-23	54.04
	4.	अन्नावरम मंदिर कस्बे में तीर्थस्थल पर्यटन अवसंरचना का विकास	2024-25	25.33
अरुणाचल प्रदेश	5.	परशुराम कुंड का विकास	2020-21	37.88
असम	6.	कामाख्या मंदिर में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास	2015-16	29.80
बिहार	7.	पटना साहिब में विकास	2015-16	29.62
	8.	विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास	2014-15	3.63
छत्तीसगढ़	9.	मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास	2020-21	48.44
गोवा	10.	बोम जीसस बेसिलिका का विकास	2024-25	16.46
गुजरात	11.	द्वारका का विकास	2016-17	10.46
	12.	सोमनाथ में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास	2016-17	45.36
	13.	सोमनाथ में सैरगाह का विकास	2018-19	47.12
	14.	अंबाजी मंदिर में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास	2022-23	50.00
हरियाणा	15.	माता मनसा देवी मंदिर और नाडा साहेब	2019-20	48.53

		गुरुद्वारे का विकास		
जम्मू और कश्मीर	16.	हजरतबल दरगाह में विकास	2016-17	40.46
झारखंड	17.	बाबा बैद्यनाथ धाम का विकास	2018-19	36.79
कर्नाटक	18.	श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास	2023-24	45.71
केरल	19.	गुरुवायूर मंदिर में विकास	2016-17	45.19
मध्य प्रदेश	20.	अमरकंटक का विकास	2020-21	49.99
	21.	ओंकारेश्वर का विकास	2017-18	43.93
महाराष्ट्र	22.	त्र्यंबकेश्वर का विकास	2017-18	42.18
मेघालय	23.	नोंगस्वालिया चर्च, नर्तियांग शक्ति पीठ, ऐतनार पूल और चरणतला काली मंदिर में तीर्थस्थल सुविधा का विकास	2020-21	29.29
मिजोरम	24.	चिते वांग, जुआंगताई, रईक और आइजोल में तीर्थस्थल और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास	2022-23	44.89
नागालैंड	25.	मोलुंगकिमोंग, नोकसेन चर्च, ऐजुतो, वोखा और कोहिमा में तीर्थस्थल के अवसंरचना का विकास	2018-19	25.20
	26.	जुन्हेबोटो में तीर्थस्थल पर्यटन अवसंरचना का विकास	2022-23	18.18
ओडिशा	27.	पुरी में अवसंरचना विकास	2014-15	50.00
पंजाब	28.	अमृतसर में करुणा सागर वाल्मीकि स्थल का विकास	2015-16	6.40
	29.	चमकौर साहिब का विकास	2021-22	31.57
राजस्थान	30.	पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास	2015-16	32.64
सिक्किम	31.	चार संरक्षक संतों युकसोम में तीर्थ सुविधा का विकास	2020-21	33.32
तमिलनाडु	32.	कांचीपुरम का विकास	2016-17	13.99
	33.	वेलंकन्नी का विकास	2016-17	4.86
तेलंगाना	34.	जोगुलम्बा देवी मंदिर का विकास	2020-21	38.90
	35.	रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर में तीर्थस्थल और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास	2022-23	62.00
	36.	भद्राचलम में तीर्थस्थल अवसंरचना का	2022-23	41.38

		विकास		
त्रिपुरा	37.	त्रिपुर सुंदरी मंदिर का विकास	2020-21	34.43
उत्तर प्रदेश	38.	वाराणसी का विकास चरण-I	2015-16	18.73
	39.	मथुरा-वृंदावन का मेगा पर्यटक परिपथ के रूप में विकास (चरण-II)	2014-15	10.98
	40.	वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन का विकास	2017-18	9.02
	41.	वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण	2014-15	9.36
	42.	वाराणसी का विकास - चरण-II	2017-18	44.60
	43.	गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास	2018-19	37.59
उत्तराखंड	44.	केदारनाथ का एकीकृत विकास	2015-16	34.77
	45.	बदरीनाथ जी धाम में तीर्थस्थल सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास	2018-19	56.15
	46.	गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थ बुनियादी सुविधाओं का विस्तार	2021-22	54.36
पश्चिम बंगाल	47.	बेलूर मठ का विकास	2016-17	30.03

****